राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांकः 16.10.2023

प्रेस–विज्ञप्ति

कॉलेज शिक्षा विभाग के लिये राजस्थान शिक्षा सेवा (महाविद्यालय शाखा) नियम–1986 के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 48 विषयों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 22.06.2023 एवं 03 विषयों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 01.09.2023 जारी कर ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये।

आयोग के संज्ञान में आया है कि कतिपय अभ्यर्थियों ने विज्ञापन के अनुसार निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित विषय में स्नात्तकोत्तर उपाधि धारित नहीं होने के उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन भर दिये है। ऐसे आवेदक दिनांक 18.10.2023 से दिनांक 25.10.2023 तक SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत सम्बन्धित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकते हैं।

विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव